बरेली, रविवार
7 दिसंबर, 2025
नगर संस्करण
मूल्य ₹ 7.00
पृष्ठ 16+4+4=24

# दैनिक जागरण





कैंट स्थित रविंद्र नाथ टैगोर अकादमी में मैच से पूर्व हाथ मिलाते खिलाड़ी • सौ. आयोजक

## एसआरएमएस जूनियर ने न्यू जनरेशन को 370 रनों से हराया

जागरण संवाददाता, बरेली: रवींद्रनाथ टैगोर एकेडमी परिसर कैंट में अंडर-14 क्रिकेट टूर्नामेंट में शनिवार को एसआरएमएस जूनियर और न्यू जनरेशन क्रिकेट टीम में मुकाबला हुआ। न्यू जनरेशन ने टास जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण का फैसला किया। एसआरएमएस ने आक्रामक शुरुआत करते हुए बड़ा स्कोर बनाया।

एसआरएमएस क्रिकेट अकादमी की ओर से दिव्यांश दिवाकर ने बेहतरीन बल्लेबाजी करते हुए 100 गेंदों में 142 रन ठोके। उनकी पारी में चौकों-छक्कों की बरसात देखने को मिली। उनके साथ रिजवान ने 88 और विरल भटनागर ने 73 रनों का योगदान दिया, जिससे टीम ने निर्धारित 40 ओवर में 416 रन का स्कोर खड़ा किया। न्यू जनरेशन की ओर से असद अंसारी ने सर्वाधिक तीन विकेट लेकर संघर्ष की मिसाल पेश की। बड़े लक्ष्य का दबाव न्यू जनरेशन की टीम झेल न सकी और 47 रनों पर ढेर हो गई। सलमान ने 16 और मोहम्मद आरिश ने आठ रन बनाए। एसआरएमएस के सुशांत ने चार, ईशान राठौर ने तीन और सोमवीर ने दो विकेट लिए। दिव्यांश दिवाकर मैन आफ द मैच व असद अंसारी को फाइटर आफ द मैच चुना गया। अभिजीत तोमर और मनोज यादव ने अंपायर की भूमिका निभाई।